Digital India
Power To Empower

NeGD
National e-Governance Division
4th Floor, Electronics Niketan
6 CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi - 110 003
Ph. : 011 24303714 Fax : 011 24303778

No. ....

रचनात्मक प्रतिभा खोज

Date ....

उद्देश्य: हमारे मानवीय संसाधनों को रचनात्मक लेखन और सामग्री निर्माण की छिपी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना ताकि डिजिटल इंडिया के भविष्य के जागरूकता अभियानों में इसका उपयोग किया जा सके।

पात्रता/नियम और शर्तें

1. एन .ई .जी.डी. द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) एवं एन .ई .जी.डी. (NeGD)/डी.आई .सी. (DIC) के सभी **कर्मचारियों और** उनके परिवार के सदस्यों के लिए हिंदी में नारा/स्लोगन लेखन और रील बनाने की मासिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

2. पात्रता मानदंड

- इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) एवं DIC/NeGD के सभी कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य।
- कोई आयु सीमा नहीं है।

3. भागीदारी की प्रक्रिया

डिजिटल इंडिया की किसी भी सेवा/योजना/कार्यक्रम/अभियान या पहल पर एक नारा/स्लोगन लिखें या रील बनाएं और उन्हें ईमेल द्वारा digitalindiadiw@gmail.com पर भेजें।

4. **नियम और शर्तें**

i) लेखन/नारा/स्लोगन संक्षिप्त:

नारा/स्लोगन लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखा जाना चाहिए:

(1) नारे/स्लोगन की भाषा केवल हिंदी होनी चाहिए।

(2) नारे/स्लोगन की शब्द सीमा अधिकतम 50 शब्द है।

(3) नारा/स्लोगन डिजिटल इंडिया के विषय से संबंधित होना चाहिए।

(ii) वीडियो/रील संक्षिप्त:

(1) रील प्रारूप में एक अच्छी गुणवत्ता वाला वीडियो जो 1 मिनट से अधिक न हो।

(2) वीडियो की आकार सीमा: 20-100 MB।

(3) भाषा: हिंदी

विनोद गुप्ता

(4) विवरणः यह ऐसा होना चाहिए कि लोगों को सम्बंधित जानकारी मिल सके। वीडियो की सामग्री अंतर्दृष्टि पूर्ण, प्रभावशाली और आकर्षक होनी चाहिए। प्रस्तुति और संवाद व्यवस्थित और क्रमिक होना चाहिए। ऑडियो और वीडियो पूरी तरह से स्पष्ट होना चाहिए।

iii) जमा करने के लिए दिया गया समय :

कोई भी व्यक्ति प्रत्येक महीने की 20 तारीख तक (11:59 रात्रि तक) प्रविष्टियां जमा कर सकता है।

5 . **प्रविष्टियाँ जमा करने की प्रक्रिया**

(१) प्रविष्टियाँ केवल ई -मेल के माध्यम से जमा की जानी चाहिए।

(२) प्रत्येक प्रतिभागी द्वारा केवल एक ही प्रविष्टि प्रस्तुत की जानी चाहिए ।

(३) सभी प्रविष्टियाँ digitalindiadiw@gmail.com पर भेजें |

[नोडल अधिकारी-सुश्री शिप्रा अब्राहम, प्रबंधक, A&C]

(४) ई -मेल में अनिवार्य रूप से निम्नलिखित विवरण होना चाहिए:

नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर, ई -मेल आई .डी., विभाग का नाम

(५) **परिणाम घोषणा और पुरस्कार:**

- चयन समिति द्वारा चुनी गई सभी प्रविष्टियाँ को नकद पुरस्कार दिया जाएगा।
- नारा/स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के लिए रु 2, 000/- और रील बनाने की प्रतियोगिता के लिए रु 5, 000/-।
- निर्णायक मंडल/चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा और सभी प्रतिभागियों के लिए बाध्यकारी होगा।

(६) प्रविष्टियों की अयोग्यता:

निम्नलिखित परिदृश्यों में प्रविष्टि को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगाः

i) आपत्तिजनक/अभद्र या अनुचित भाषा का उपयोग।

(ii) कोई भी अश्लील, नस्लवादी, अनुचित सामग्री, विशेष रूप से किसी विशेष संस्कृति या समुदाय के लिए आपत्तिजनक।

iii) असत्यापित या भ्रामक जानकारी प्रस्तुत करना।

(iv) किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी।

जितेन्द्र गुप्ता

(जे.एल. गुप्ता)
निदेशक
जागरूकता एवं संचार